अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 संसद की मर्यादा, उसके नियम- कायदे और लोकतंत्र में उन्माद...
6 द ग्रेट इंडियन फैमिली और सुखी...
7 ओबीसी सियासत पर भाजपा-कांग्रेस में होड़, अब जातीय गणना के मुद्दे को हवा...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
संपादक-गोपाल गावंडे
वर्ष - 10 अंक-36 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# कार्यकर्ता महाकुंभ में गरजे पीएम मोदी

## कांग्रेस पर चुन-चुनकर किए प्रहार,बोले- अभाव में फलती-फूलती है इनकी राजनीति



**दो हफ्ते में दूसरी बार मप्र के दौरे पर आए हैं पीएम मोदी। भाजपा ने जंबूरी मैदान पर आयोजित महाकुंभ में दस लाख कार्यकर्ताओं के जुटने का किया है दावा।**

**भोपाल ।** नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के कार्यकर्ताओं में जोश भरने और विजय संकल्प दिलाने के लिए सोमवार को भोपाल में भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। जंबूरी मैदान पर होने वाले इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के मंच से कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि जंबूरी मैदान में उमड़ा यह जनसैलाब, यह उमंग, यह संकल्प बहुत कुछ कहता है। यह बताता है कि मप्र के मन में क्या है। यह सिखाता है भाजपा का और भाजपा के हर कार्यकर्ता का बुलंद हौसला।

पीएम मोदी ने कार्यकर्ता को परिवारजन कहकर संबोधित किया और कहा कि मप्र को देश का दिल कहा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों ने भरपूर आशीर्वाद दिया है। मध्य प्रदेश के भाजपा के विचार का ही नहीं, बल्कि विकास के विजन का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। इस बार के चुनाव में पहली बार जो वोट डालेंगे, उन्होंने भाजपा के ही सरकार को देखा है। यहां के युवाओं ने यहां की खस्ताहाल सड़कें नहीं देखी। उन्होंने मध्य प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य के रूप में देखा है। उन्होंने मध्य प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में केंद्र के रूप में देखा है इसलिए आने वाला चुनाव युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें ध्यान रखना है कि अपने आसपास देख रहे हैं राजस्थान में मौका मिला तो कैसे कांग्रेस की सरकार ने बर्बादी लाई। जहां जहां कांग्रेस गई, वहां बर्बाद कर दिया।

उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है पूरी दुनिया से निवेश के लिए मौके मिल रहे हैं इस समय भारत को मध्य प्रदेश को विकसित मध्य प्रदेश बनाने का है विकसित भारत बनाने का है इतने महत्वपूर्ण समय में अगर कांग्रेस जैसी परिवार वादी पार्टी हजारों करोड़ के घोटाले का इतिहास रचने वाली पार्टी वोट बैंक का तुष्टिकरण करने वाली पार्टी को जरा भी मौका मिल गया तो मध्य प्रदेश को बहुत बड़ा नुकसान होगा । भाइयों व बहनों मैं कहता हूं जहां-जहां कांग्रेस गई है राज्य को बर्बाद कर दिया है क्या आपको लगता है कि मध्य प्रदेश को भी यही करेंगे आपको लगता है कि मध्य प्रदेश को बचाना चाहिए या नहीं बचना चाहिए कांग्रेस के हाथों में नहीं जाने देना है लूटने नहीं देना है फिर से एमपी को बीमारी बना देगी मैं जानना चाहता हूं क्या आप एमपी को फिर से बीमारू बनाना चाहते हो मुझे पूरी ताकत से जवाब चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वो जंग लगा वह लोहा है जो बारिश में रखे रखे खत्म हो जाता है। आप देखेंगे कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत की हर तरफ आलोचना करती है कांग्रेस विजन इंडिया का विरोध किया था। आज भारत चौड़ी सड़कें हाईवे फ्लाईओवर सब कुछ बना रहा है लेकिन कांग्रेस इसके आलोचना करता है आज भारत में वंदे भारत जैसे आधुनिक ट्रेन है आ रही है भोपाल के रानी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की हर तरफ तारीफ हो रही है। भारत कोई भी उपलब्धि हासिल करें कांग्रेस को बिल्कुल

### कांग्रेस ने मप्र को तबाह किया -सीएम शिवराज

इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कांग्रेस और कमल नाथ पर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को तबाह और बर्बाद कर दिया था। बीमारू राज्य बना दिया था। न बिजली थी न सड़क और न पानी का इंतजाम। हमारी सरकार ने सभी व्यवस्थाएं की हैं। गरीबी से लोगों को मुक्ति दिलाने के साथ ही आज मध्य प्रदेश को समृद्ध प्रदेश बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कमल नाथ और कांग्रेस की सरकार में प्रदेश के सचिवालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। किसान और केंद्र सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया था। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आगामी चुनाव में दो माह शेष हैं, अपना पूरा समय पार्टी के लिए दें। यह संकल्प ले कि अपना बूथ जिताएंगे।

पसंद नहीं आता है मैं जरा मध्य प्रदेश के लोगों से पूछता हूं जवाब देंगे आप लोग। देश का नाम रोशन होता है तो आपको अच्छा लगता है कि नहीं आपको होता है लेकिन कांग्रेस को नहीं होता है क्योंकि कांग्रेस ना खुद बदलना चाहती है और ना ही देश को बदलने देना चाहती है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को 20वीं शताब्दी में ले जाना चाहती है। मैं मध्य प्रदेश के युवा साथियों को हमारे फर्स्ट टाइम वोटर को एक बार जरूर बताना चाहता हूं। मेरे नौजवान साथियो, आपके माता-पिता और दादा-दादी को अभाव में रखने के लिए कांग्रेस की सरकार थी। आज दुनिया भारत को लेकर जो कुछ कह रही है, वो पहले भी हो सकता था। लेकिन कांग्रेस सिर्फ एक परिवार का गौरव गान करने में जुटी रही। कांग्रेस ने राजतंत्र को परिवार तंत्र बना दिया। कांग्रेस की राजनीति अभाव में फलती-फूलती है। यह अपनी योजना का लाभ भी उन लोगों को देते थे, जिनसे उन्हें वोट मिलते थे। इसलिए कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को जानबूझकर गरीब रखा। रोटी, कपड़ा व मकान के लिए भी ललचाए रखा।

मोदी ने कहा कि आपके बच्चों को अभाव की जिंदगी न झेलना पड़े, इसके लिए भाजपा की सरकार प्रयासरत है। हमने जो भी योजनाएं बनाई उसमें सबका साथ, सबका विकास का भाव रखा। हमने लोगों के जीवन को बेहतर करने के लिए प्रयास किया। समाज में जो अभाव था। उसको दूर किया और जानते हैं कि इसका नतीजा क्या मिला है।

50 साल पहले कांग्रेस की सरकार ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। क्या कांग्रेस की सरकार ने इस वादे को पूरा किया। भाजपा के शासन के दौरान 5 साल में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह मोदी के गारंटी का नतीजा है। मैं मध्य प्रदेश की बहनों को याद दिलाने आया हूं कि देश में नया इतिहास रच दिया है। मोदी है तो हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। पूरे देश की बहनों को सावधान करना चाहता हूं। कांग्रेस और उसके नए-नए गठबंधन मजबूरी में किया है ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं बहनें सब एकजुट रहें और किसी की बातों में नहीं आएं। आप याद रखिए यह वही लोग है । कांग्रेस महिलाओं के हितैषी नहीं है तभी तो ना तो शौचालय बनवाए और ना ही रसोई गैस देने का काम किया। कांग्रेस नेता महिलाओं को बैंक से भी दूर रखा है तभी तो भाजपा की सरकार ने जनधन के खाते खुलवाए। हमारी कोशिश यही है कि बेटियां अपने पैरों पर खड़ी हो सके। कांग्रेस आज भी उसी पुराने मानसिकता पर चल रही है चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए उनके नेताओं के लिए गरीब का जीवन मायने नहीं रखता है कांग्रेस नेताओं के लिए गरीब का जीवन एक एडवेंचर टूरिज्म बन गया है। गरीब की बस्ती वीडियो शूटिंग करने का लोकेशन बन गया है।

### प्रदेश में जीत का इतिहास बनाएंगे - वीडी शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी से बाहर आए हैं। तीन करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बने हैं। केंद्र और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ जन जन को मिल रहा है। विजय का इतिहास बनाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी सुबह 10:55 बजे वायुसेना के विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। यहां से पीएम मोदी हैलिकाप्टर से जंबूरी मैदान के लिए हैलिकाप्टर से रवाना हो गए। जंबूरी मैदान हैलीपेड पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उनकी अगवानी की। यहां से प्रधानमंत्री मोदी खुली कार में सवार होकर कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी जैसे ही कार्यक्रम स्थल पहुंचे, कार्यकर्ताओं में जोश की लहर दौड़ गई। खुली जीप पर पीएम के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी सवार थे। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के मंच पर पहुंचकर सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के मंच पर पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा भी मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू हुई है। कांग्रेस ने उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया था। इस सेवक को अपने कार्य करने का मौका दिया। विश्वकर्मा साथियों के लिए कम ब्याज का लोन मिलेगा इसकी गारंटी मोदी सरकार ने ली है । छोटे-मोटे कार्य करने वालों के लिए भी बैंकों के दरवाजे खुले है।

मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि 5 साल से निरंतर जारी है। मध्य प्रदेश के लोगों को यह बात बताना चाहता हूं कि कांग्रेस के लोगों ने अपनी सारी इच्छा शक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंकरप्ट हुई, अब कांग्रेस से अपना ठेका दूसरों को दे दिया है। कांग्रेस को कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे हैं। आप कांग्रेस एक ऐसी कंपनी बन गई है, जो नारे से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। यह ठेका किसके पास है जानते हैं। कांग्रेस का ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है।



संपादकीय

# संसद की मर्यादा, उसके नियम- कायदे और लोकतंत्र में उन्माद की भाषा

**बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। नफरती बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मर्यादा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। इसी का नतीजा है कि सड़क की भाषा उठ कर संसद में पहुंच गई। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में अपने ही साथी, बसपा सांसद के बारे में जैसे अपमानजनक और अशोभन शब्दों का इस्तेमाल किया, वैसा अब तक कभी नहीं किया गया। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।**



संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में अंतर महसूस नहीं होता



संपादक-
गोपाल गावंडे

बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। संसद की अपनी मर्यादा है, उसके नियम-कायदे हैं। यहां तक कि संसद की भाषा तय है। वहां बहुत सारे शब्दों का इस्तेमाल वर्जित है। वहां किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं किया जा सकता, जिसे असंसदीय करार दिया गया है। इसलिए वहां बोलने के लिए सांसद पहले से तैयारी करके आते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिधूड़ी इससे अनजान हैं।

विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस संकल्प के साथ नए संसद भवन में प्रवेश किया कि उसमें लोकतंत्र की मर्यादाएं और प्रगाढ़ होंगी, मगर विचित्र है कि उसी सत्र में बिधूड़ी का ऐसा आपत्तिजनक आचरण सामने आ गया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली बार से ऐसा आचरण सामने आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पंद्रह दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

मगर विपक्षी दलों का तर्क है कि जब दूसरे दलों के नेताओं से सदन में मामूली चूक होती है तो भी उन्हें संसद से निलंबित कर दिया जाता है और बिधूड़ी ने एक साथी सांसद को सदन के पटल पर गाली दी, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्हें चेतावनी देकर क्यों छोड़ दिया गया? विपक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग कर रहा है। इस तरह लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका भी प्रश्नांकित होने लगी है।

मगर सबसे अधिक किरकिरी भाजपा को झेलनी पड़ रही है। दरअसल, यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के किसी नेता ने इस तरह किसी विशेष समुदाय के लोगों के लिए ऐसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भरी सभाओं के मंचों से कुछ सांसद और कई नेता ऐसे नफरती भाषण देते देखे-सुने गए हैं। सरेआम समुदाय विशेष के प्रति लोगों को हिंसक व्यवहार करने, उनके कारोबार-व्यापार को बंद कराने को उकसाते देखे गए हैं। उन्हें लेकर सर्वोच्च न्यायालय पार्टी और सरकार को सख्त हिदायत दे चुका है। मगर ऐसे नफरती बोल रुक नहीं पा रहे हैं, इसलिए विपक्ष को यह आरोप दोहराने का एक बार फिर मौका मिल गया है कि भाजपा समुदाय विशेष के प्रति नफरत का वातावरण बना कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है।

अब जब नफरत की भाषा संसद के भीतर पहुंच गई है, तो स्वाभाविक ही पार्टी से ऐसे प्रतिनिधियों, नेताओं के प्रति सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगी है। जब राजनेता खुद अपनी भाषा में संयम और मर्यादा का ध्यान नहीं रख पा रहे, तो उन्हें यह सलीका सिखाने की जिम्मेदारी कौन उठाएगा!

राजनीति

# ना हिंदू ना मुस्लिम, ना दलित ना OBC... राहुल गांधी तैयार कर रहे ये खास वोटबैंक, सफलता मिली तो क्या मोदी को दे पाएंगे टक्कर?



ये अंदाज, ये सियासत, काफी कुछ बता रही है। इसके पीछे की मंशा साफ समझी जा सकती है, ऐसा नहीं है कि बिना किसी रणनीति के कांग्रेस नेता समाज के इन वर्गों से यूं मुलाकात कर रहे हैं। मौसम चुनावी है, ऐसे में हर दांव में सियासत की पूरी छाप भी दिखाई पड़ रही है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब से भारत जोड़ो यात्रा की है, उनका सियासी सफर कुछ अलग अंदाज में आगे बढ़ता दिखा है। किसानों के साथ किसान बनने वाले भी राहुल हैं, ट्रक ड्राइवरों से मुलाकात के दौरान ड्राइवर की भूमिका निभाने वाले भी राहुल हैं और रेलवे स्टेशन कुलियों से बातचीत के दौरान खुद कुली बनने वाले भी राहुल ही हैं। ये अंदाज, ये सियासत, काफी कुछ बता रही है। इसके पीछे की मंशा साफ समझी जा सकती है, ऐसा नहीं है कि बिना किसी रणनीति के कांग्रेस नेता समाज के इन वर्गों से यूं मुलाकात कर रहे हैं। मौसम चुनावी है, ऐसे में हर दांव में सियासत की पूरी छाप भी दिखाई पड़ रही है।

**राहुल का कुली अवातर काफी कुछ कह गया**

बात सबसे पहले राहुल गांधी के कुली वाले अवतार की करनी चाहिए। गुरुवार को अचानक से कांग्रेस नेता दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंच गए। वहां पर उन्होंने सिर्फ कुलियों से मुलाकात नहीं की, बल्कि उनकी तरफ से खुद भी एक कुली की भूमिका निभाई गई। उन्होंने बकायदा कुली वाले लाल कपड़े पहने, सिर पर सामान उठाया और कुछ देर तक दूसरे कुली साथियों के साथ चलते भी रहे। इसके बाद राहुल गांधी उन कुलियों के बीच ही बैठ गए, उनसे लंबी बातचीत की, उनकी चुनौतियों के बारे में जाना और वहां से चल दिए।

शहजादा और नामदार नेरेटिव को तोड़ना

बड़ी बात ये है कि बाद में जब उन कुलियों से उस मुलाकात के बारे में पूछा गया तो सभी ने एक सुर में कहा कि जो गरीबों के बीच रहेगा, वहीं गरीबों के दर्द को समझ पाएगा। राहुल गांधी के लिए अगर कोई ये बात कह रहा है, ये अपने आप में कांग्रेस नेता की पहली बड़ी जीत मानी जाएगी। यहां ये समझना जरूरी हो जाता है कि 2014 और फिर 2019 का जो लोकसभा चुनाव रहा था, उसमें बीजेपी ने राहुल के खिलाफ नेरेटिव सेट किया था- ये लड़ाई कामदार बनाम नामदार की है। अमित शाह से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक ने राहुल को 'शहजादा' कहकर संबोधित किया था।

**गेम चेंजर भारत जोड़ो यात्रा**

उस समय आम जनता के बीच में भी ये नेरेटिव सेट हो गया था कि राहुल गांधी को बिना मेहनत के पद दे दिया गया है, वे तो एक 'अमीर' नेता हैं जिनका सरनेम गांधी है और उसी वजह से उन्हें सारी सुविधाएं मिल रही हैं। लंबे समय तक ये नेरेटिव राहुल से चिपका रहा और कांग्रेस को इसका पॉलिटिकल लॉस समय-समय पर मिला। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने सबसे पहले उस नेरेटिव पर कड़ा प्रहार किया। जिन राहुल के लिए 'एसी रूम में बैठने वाले नेता' जैसे बयानों का इस्तेमाल हुआ, उन्होंने पैदल ही हजारों किलोमीटर की यात्रा कर डाली। किसानों से लेकर व्यापारियों तक, नौजवानों से लेकर महिलाओं तक, बुजुर्गों से लेकर दलित-आदिवासी तक, राहुल ने सभी से मुलाकात की।

**जातीय समीकरण से भी बड़ा हथियार हाथ लगा**

वो वायरल वीडियो भी सभी जहन में ताजा है जिसमें राहुल गांधी ने पंजाब के ट्रक डाइवरों से मुलाकात की थी। दिल्ली से अंबाला तक उन्होंने एक ट्रक में सफर किया, अपनी अत्याधुनिक और ड्रड्डक्क गाड़ी की कुर्बानी दी। उस यात्रा के दौरान राहुल ने खुद भी ट्रक चलाया, काफी देर तक उन ड्राइवरों से बात की, उनकी समस्यों को जानने का प्रयास किया। अब ये सब मायने रखता है, राजनीति में नेरेटिव और परसेप्शन वो कमाल कर सकता है जो कई मौकों पर जातीय समीकरण भी नहीं कर पाते हैं। जब 2014 के बाद से बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अप्रत्याशित सफलता का विश्लेषण किया जाता है, उसमें उनकी उपलब्धियां तो मायने रखती ही हैं, उससे ज्यादा वो नेरेटिव जरूरी हो जाता है जिसके दम पर कई बार मुश्किल में फंसी बीजेपी की डगर भी बीच मझधार से निकल जाती है। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी वो फंडा समझ लिया है, इसी वजह से वे सिर्फ रैलियां या फिर सोशल मीडिया के जरिए जनता से संवाद स्थापित नहीं कर रहे हैं। उनकी तरफ से तो सीधे जमीन पर जा लोगों से मुलाकात की जा रही है।

**सियासत की 'अंतिम पंक्ति' तक पहुंचे राहुल**

यहां भी ये लोग कहने को किसी भी जाति, किसी भी धर्म के हो सकते हैं। ये ओबीसी हो सकते हैं, अति पिछड़े हो सकते हैं, शहरी हो सकते हैं, ग्रामीण रह सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि ये सभी लोग 'आम आदमी' हैं। ये देश का वो वर्ग है जो रोज मेहनत कर पैसा कमा रहा है, अपने परिवार का पेट पाल रहा है। राजनीति में जब अंतिम पंक्ति तक सभी को फायदा पहुंचाने की बात होती है, तो वो अंतिम पंक्ति ये आम लोग ही हैं। राहुल ने अपनी कुछ मुलाकातों के जरिए इन्हें ही साधने का काम किया है दिखाने का प्रयास हुआ है कि राहुल गांधी आम लोगों के बीच में कितने सहज हैं, वे किस तरह से उनकी मुश्किलों को समझते हैं, वे किस तरह से आगे बढ़कर उनकी बात को सुनना चाहते हैं। वे सिर्फ अपने मन की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि दूसरों की मन की बात को सुन रहे हैं। कांग्रेस के लिए चुनावी मौसम में ये वाला नेरेटिव काफी मददगार साबित हो सकता है। जो छवि 2014 के बाद से बन गई है, उसे तोड़ने में समय जरूर लग सकता है, लेकिन उस दिशा में राहुल के कदम तेज गति से बढ़ चले हैं।

**बीजेपी के हिंदुत्व- राष्ट्रवाद को तगड़ा काउंटर**

वैसे भी इस समय जब बीजेपी राष्ट्रवाद से लेकर हिंदुत्व तक की पिच पर जोरदार बैटिंग कर रही है, उस बीच कांग्रेस को अपनी खुद की सियासी पिच तैयार करने की जरूरत पड़ने वाली है। कॉमन मैन वाली ये पिच देश की सबसे पुरानी पार्टी के लिए मुफीद साबित हो सकती है क्योंकि ये वोटबैंक किसी जाति-धर्म पर आधारित नहीं है, ये तो बस उसे वोट करने वाला है जो उनके हक की बात करेगा।

## घूरने पर चाकू मारा

**इंदौर।** महेश पिता राम प्रकाश वर्मा निवासी इंदिरा एकता नगर में पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले दिनेश पिता विष्णु सोलंकी ने घूरने की बात को लेकर उसे चाकू मार दिया और धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 का केस दर्ज किया है।

## टक्कर से गार्ड गंभीर

**इंदौर।** विजय नगर चौराहे पर साइकिल से घर जा रहे हैं सिक्योरिटी गार्ड वीरेंद्र सिंह पिता विक्रम सिंह को ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## झगड़ा करते चार बंदी

**इंदौर।** पुलिस अन्नपूर्णा ने दशहरा मैदान के पास आपस में झगड़ा करते हुए दिलीप पिता निरंजन साहू विनोद प्रसाद देवनारायण वर्मा प्रकाश पिता कन्हैया लाल कोहली और अशोक पिता जगदीश सेन को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज क्या है।

## किशोरी से की हरकत

**इंदौर।** स्नेह लतागंज में रहने वाली किशोरी के साथ रोहित पिता अनिल चौधरी ने छेड़छाड़ की। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया।

## चाकू के साथ चार बंदी

**इंदौर।**पंढरीनाथ पुलिस ने अशोक पिता सुनील सिसोदिया और धर्मेंद्र पिता हेमंत सोलंकी को पकड़ा उनके पास से दो चाकू बरामद किए इसी प्रकार एमजी रोड पुलिस ने शब्बीर पिता नासिर खान और यशवंत पिता हरीश पवार को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स से एक्ट का केस दर्ज किया है।

## गांजा सहित दो धराएं

**इंदौर।**गांधीनगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान नरेंद्र पिता बाबूलाल यादव और विनोद पिता सत्यनारायण माली को पकड़ा इनके पास से620 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## धमकाने वाला पकड़ा

4 दिन पहले मुसाखेड़ी क्षेत्र में रहने वाले राजेंद्र पिता मुन्नालाल लोधी को जान से मारने की धमकी देने वाले गोपाल पिता कृष्ण कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## किशोर को ब्लेड मारी

**इंदौर।**सोमनाथ की जुनी चाल में रहने वाले 16 साल के देवेंद्र पिता चुन्नीलाल मरमट ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले प्रवीण पिता दुलीचंद सोलंकी ने ब्लेड मार दि और धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पांच गंजेड़ी धराएं

चंद्रावती गंज पुलिस ने गांजा पीते हुए गोवर्धन पिता उमाशंकर सुरेश पिता राधेश्याम यशवंत पिता ओमप्रकाश और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। इनके पास से गांजे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया है।

## रिक्शा के कांच फोड़े

**इंदौर।**फरियादी रंजीत पिता शंकर लाल चौहान निवासी स्कीम नंबर 78 की घर के बाहर खड़ी ऑटो रिक्शा के कांच दे रात अज्ञात बदमाश ने फोड़ दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## टक्कर से दंपती घायल

यशवंत रोड चौराहे पर एक्टिवा सवार निलेश पिता सत्यनारायण दुबे निवासी राज मोहल्ला और पत्नी सीमा दुबे को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने कारचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अधेड़ ने जहर खाया

**इंदौर।**हीरानगर थाना अंतर्गत ग्राम भानगढ़ में रहने वाले रमेश पिता शिवनारायण वर्मा 55 साल में पारिवारिक करण के चलते जहर खा लिया जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दहेज के लिए मारपीट

**इंदौर।** सलमा खान 28 साल निवासी गुलजार कॉलोनी को मायके से दहेज नहीं लाने पर पति इरफान खान सास नफीस खान ससुर असलम खान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बाइक चोर पकड़ा

**इंदौर।** कैलाश पिता मोहनलाल त्रिवेदी निवासी वैभव नगर की तिलक नगर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चुरा कर ले जाते हुए शुभम पिता मुन्ना लाल राठौर को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# शहर में नहीं थम रही है चाकूबाजी

# खाना खाकर टहल रहे अधेड़ को गुंडो ने मारे चाकू, गंभीर

**इंदौर 25 सितंबर पुलिस गुंडो के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है मगर गुंडे इस अभियान की धज्जियां बिखरते हुए चाकूबाजी की घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहे हैं। बीती रात अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन गुंडो ने खाना खाकर टहल रहे अधेड़ पर चाकू से हमला किया और फरार हो गए। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल का नाम दिलीप पिता रामअवतार पाल 55 साल निवासी राजमहल कॉलोनी है। दिलीप ने पुलिस को दिए अपने कथन में बताया कि वह रात्रि 10ः15 बजे खाना खाकर घर के पास आरटीओ रोड स्थित वाइन शॉप के सामने टहल रहा था तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार तीन बदमाश आए और उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया और फरार हो गए। आरोपियों ने जाते-जाते धमकी दी की अगली बार यहां से गुजरा तो जान से मार देंगे। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक कर रही है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 323 294 और 506 का प्रकरण दर्ज किया है।

### जीजा साले को मारा चाकू, केस दर्ज

फरियादी दीपू पिता रमेश चंद्र वर्मा निवासी श्री राम नगर में पुलिस को बताया कि बीती रात 11ः20 बजे हेमंत निवासी छोटी खजरानी क्षेत्र में गालियां दे रहा था जीसस सुनील कुशवाहा ने उसे गालियां देने से मना किया तो हेमंत और दो अन्य ने मिलकर उसे पर चाकू से जानलेवा हमला किया मैं बचाने थोड़ा तो आरोपियों ने मेरे पर भी चाकू से हमला किया और धमकी देकर भाग गए। विजयनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 का केस दर्ज किया है।

## दहेज में सोने का रानी हार और मांगी बाइक, केस दर्ज

**इंदौर। नव विवाहित की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अंजलि खटीक 26 साल निवासी पैशन पूरा महू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 1 साल पहले पीयूष वर्मा से हुई। परिजन ने हैसियत के अनुसार 5 लाख से अधिक का गोल्ड और नगदी दिए थे। उसके मुताबिक शादी के कुछ महीने ठीक-ठाक तरीके से गुजरे इसके बाद उसे मायके से सोने का रानी हार मोटरसाइकिल आदि लाने की मांग को लेकर पति पीयूष सास स्नेह लता वर्मा और ससुर हंसराज वर्मा ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। इसी प्रकार महालक्ष्मी नगर में रहने वाली 28 वर्षीय रिंकू वर्मा की रिपोर्ट पर पति अभिषेक वर्मा निवासी सीहोर और ससुर कैलाश चंद वर्मा के खिलाफ लसूड़िया पुलिस ने दहेज प्रताड़ना की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी रिंकू वर्मा को मायके से 5 लख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित किया। वही सुदामा नगर में रहने वाली कविता जोशी 27 साल की रिपोर्ट पर पति प्रशांत जोशी सास वंदना जोशी ससुर राजेंद्र जोशी आदि के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। फरियादी कविता जोशी ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से कार लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

## मॉल की पार्किंग में युवक युवती के बीच जमकर मारपीट

### सड़क पर लड़ते रहे लोगों ने बनाया वीडियो और सोशल मीडिया पर किया वायरल

इंदौर 25 सितंबर रविवार रात ए बी रोड स्थित एक मॉल के पीछे पार्किंग में युवक और यूतियों के बीच मारपीट हो गई। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो विजयनगर क्षेत्र के माल की पार्किंग का बताया जा रहा है यहां दो युवकों के घुट के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा है जिसमें एक युति बचाव करते नजर आ रही है। युवकों ने बचाव के दौरान युवती के साथ भी जमकर मारपीट की। काफी देर तक डंडे से मारपीट करते रहे हैं। विजयनगर टी आई रविंद्र गुर्जर के मुताबिक इस मामले में किसी भी पक्ष में कोई शिकायत नहीं की है अगर शिकायत आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

## डॉक्टर और साथी पर पर किया हमला, प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में डॉक्टर और उसके साथी पर हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर विशेष पिता संतोष सोनी 28 साल निवासी एमरल्ड सिटी बाणगंगा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कल शाम 4ः20 बजे वह अपने दोस्त विशाल खरे के साथ लोटस पार्क कॉलोनी में खड़े होकर बात कर रहे थे इसी दौरान सागर ठाकुर आया और विशाल को गालियां देने लगा मैंने मना किया तो सागर कर में रखा बेसबॉल का डंडा लेकर आया इसी दौरान उसके साथ हार्दिक मालवीय कृष्ण ठाकुर और रोहित ठाकुर भी आ गए सभी ने एक मौत होकर हमला कर दिया बी बचाव करने में विशाल ठाकुर को चाकू मार दिया और धमकी देकर सभी आरोपी फरार हो गए। बाणगंगा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी देवेंद्र पिता कृष्ण कुमार सिसोदिया निवासी नंद बाग कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि कल रात्रि 9ः50 बजे वह बाइक लेकर घर से जा रहा था तभी रास्ते में गोपाल यादव ने रोका और कहा कि सिगरेट लाकर दे मैंने मना किया तो उसने चाकू मारा और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## कारोबारी को बंधक बनाकर गुंडे ने पत्नी और बेटे के नाम पर बैंक में ऑनलाइन पैसे डलवाए, केस दर्ज

**इंदौर 22 सितंबर जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक कारोबारी को गुंडे ने बंधक बनाकर बैंक में पत्नी और बेटे के नाम पर ऑनलाइन पैसे डलवाए। पुलिस ने आरोपी और उसके अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी तुषार पिता कुंज बिहारी 34 साल निवासी साईं विद्या पैलेस कॉलोनी सिंधु नगर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी अजीत खान चंदानी और उसके अन्य साथियों ने उसे एक कमरे में बंधक बनाकर नगदी 50 हजार रुपए ले लिए और हत्या करने की धमकी देकर अजीत ने अपने बेटे के खाते में नेट बैंकिंग के माध्यम से एक लाख 10 हजार रुपए और पत्नी स्वामी के खाते में 50 हजार रुपए डलवा लिए। फरियादी तुषार के मुताबिक आरोपी अजीत और उसके साथियों ने उसके साथ बेरहमी के साथ मारपीट भी की और धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी पुलिस को दी तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 365 342 327 323 506 का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

# अनंत चतुर्दशी पर अद्भुत संयोग, नोट करें शुभ मुहूर्त, पूजा विधि व मंत्र



## अनंत चतुर्दशी का हिंदू धर्म में बड़ा महत्व है। इसे अनंत चौदस के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है।

इस साल की अनंत चतुर्दशी बेहद खास है। हर साल गणेशोत्सव भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को समाप्त होता है। पंचांग के अनुसार, चतुर्दशी तिथि 27 सितंबर को रात 10.18 बजे शुरू होगी। वहीं, 28 सितंबर को शाम 6.49 बजे तक रहेगी।

अनंत चतुर्दशी का पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को मनाया जाता है. इसमें भगवान अनंत की पूजा की जाती है. इसमें व्रत का संकल्प लेकर अनंत सूत्र बांधा जाता है. कहा जाता है कि इसको धारण करने से संकटों का नाश होता है. साथ ही व्यक्ति का जीवन सुख समृद्धि से भर जाता है. इस बार अनंत चतुर्दशी 28 सितंबर, गुरुवार को पड़ रही है।

इस साल अनंत चतुर्दशी 28 सितंबर, गुरुवार को पड़ रही है. अनंत चतुर्दशी की पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को मनाया जाता है. इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है. इसमें व्रत का संकल्प लेकर अनन्तसूत्र बांधा जाता है. माना जाता है कि इसको धारण करने से संकटों का नाश होता है. इस दिन भगवान विष्णु के भक्त पुरे दिन का उपवास रखते हैं और पूजा के दौरान पवित्र धागा बांधते हैं. भगवान गणेश का विसर्जन भी इसी दिन किया जाता है।

## अनंत चतुर्दशी शुभ मुहूर्त

उदया तिथि के अनुसार, अनंत चतुर्दशी 28 सितंबर, गुरुवार को मनाई जाएगी. चतुर्दशी तिथि का आरंभ 27 सितंबर को रात 10 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 28 सितंबर को शाम 6 बजकर 49 मिनट पर होगा. अनंत चतुर्दशी का पूजा का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 12 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 49 मिनट तक रहेगा.

अनंत चतुर्दशी 2023 पर गणपति विसर्जन का मुहूर्त

अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी का विसर्जन किया जाता है. 28 सितंबर 2023 को गणपति विसर्जन के लिए तीन मुहूर्त हैं. इस दिन सुबह 06 बजकर 11 मिनट से 07 बजकर 40 मिनट तक रहेगा, उसके बाद सुबह 10 बजकर 42 मिनट से दोपहर 03 बजकर 10 मिनट तक और शाम 04 बजकर 41 मिनट से रात 09 बजकर 10 मिनट तक गणपति विसर्जन का मुहूर्त है।

## अनंत चतुर्दशी पूजन विधि

इस दिन प्रात: काल उठकर स्नान करें और साफ सुथरे वस्त्र धारण करें. पूजा स्थल को साफ करें और उसके बाद गंगाजल का छिड़काव करें. फिर पूजा स्थल पर भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें. भगवान विष्णु को अक्षत, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, इत्र, चंदन आदि चीजें अर्पित करें. इस दिन भगवान विष्णु की आरती करें और उनके मंत्रो का जाप जरूर करें. अंत में भगवान विष्णु को अनंत सूत्र अर्पित करें।

## अनंत चतुर्दशी का महत्व

अनंत चतुर्दशी भगवान नारायण के पूजन का पर्व है. इस दिन ही भगवान विष्णु ने 14 लोकों यानी तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुव:, स्व:, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी. इस दिन ही गणेश जी को विसर्जित करते हैं. जिन लोगों के रोग ठीक नहीं हो रहे हैं. उन लोगों को ये व्रत रखना चाहिए. परिवार में कोई भी इस व्रत को रख सकता है. चाहे पति के लिए पत्नी, पत्नी के लिए पति, पिता के लिए पुत्र यह व्रत कर सकता है।

लोन की समस्या अगर आ रही है तो वह लोग भी अनंत चतुर्दशी का उपवास रख सकते हैं. कुछ समय में ही आप लोन मुक्त हो जाएंगे. अगर किसी के घर में क्लेश चल रहा है तो उन लोगों को अनंत चतुर्दशी के उपवास के बाद जायफल अपने हाथ से भगवान विष्णु को अर्पण करना चाहिए. उसके बाद उसे जल में प्रवाह या पीपल के पेड़ के नीचे रखने से घर का क्लेश समाप्त हो जाएगा।

## अनंत चतुर्दशी की कथा

महाभारत की कथा के अनुसार कौरवों ने छल से जुए में पांडवों को हरा दिया था. इसके बाद पांडवों को अपना राजपाट त्याग कर वनवास जाना पड़ा. इस दौरान पांडवों ने बहुत कष्ट उठाए. एक दिन भगवान श्री कृष्ण पांडवों से मिलने वन पधारे. भगवान श्री कृष्ण को देखकर युधिष्ठिर ने कहा कि, हे मधुसूदन हमें इस पीड़ा से निकलने का और दोबारा राजपाट प्राप्त करने का उपाय बताएं. युधिष्ठिर की बात सुनकर भगवान ने कहा आप सभी भाई पत्नी समेत भाद्र शुक्ल चतुर्दशी का व्रत रखें और अनंत भगवान की पूजा करें. इस पर युधिष्ठिर ने पूछा कि, अनंत भगवान कौन हैं? इनके बारे में हमें बताएं. इसके उत्तर में श्री कृष्ण ने कहा कि यह भगवान विष्णु के ही रूप हैं. चतुर्मास में भगवान विष्णु शेषनाग की शैय्या पर अनंत शयन में रहते हैं. अनंत भगवान ने ही वामन अवतार में दो पग में ही तीनों लोकों को नाप लिया था. इनके ना तो आदि का पता है न अंत का इसलिए भी यह अनंत कहलाते हैं. अतः इनके पूजन से आपके सभी कष्ट समाप्त हो जाएंगे. इसके बाद युधिष्ठिर ने परिवार सहित यह व्रत किया और पुनः उन्हें हस्तिनापुर का राज-पाट मिला।

## चार शुभ संयोगों में मनेगी डोल ग्यारस, निकलेंगे चल समारोह, जानिए इस व्रत का महत्व


डोल ग्यारस पर सुकर्मा योग, सर्वार्थ सिद्धि, द्विपुष्कर व रवि योग का संयोग बन रहा है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से वाजपेय यज्ञ का फल मिलता है।

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। हर वर्ष कुल 24 एकादशी तिथियां आती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। इसे डोल ग्यारस और जलझूलनी एकादशी भी कहा जाता है। इस बार परिवर्तिनी एकादशी का व्रत 25 और 26 सितंबर को रखा जाएगा। डोल ग्यारस पर शहर में अलग-अलग स्थानों में पर चल समारोह निकलेंगे। अलग-अलग चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

इस तिथि पर भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप बाल-गोपाल को एक डोल में विराजित कर शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसलिए इसे डोल ग्यारस कहा जाता है। कृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था। इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को डोल में बिठाकर तरह-तरह की झांकी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाले जाते हैं। इस दिन भगवान राधा-कृष्ण के नयनाभिराम विद्युत सज्जित डोल निकाले जाते हैं। डोल ग्यारस पर मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं। इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी भी कहा जाता है।

इस तिथि पर भगवान विष्णु और उनके आठवें अवतार भगवान श्रीकृष्ण के पूजन का विधान है।





# राजकोट वनडे में नहीं खेलेंगे शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर, टीम इंडिया से गुवाहाटी में जुड़ेंगे

**टीम इंडिया वर्ल्ड कप से पहले शानदार फॉर्म में चल रही है। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।**

वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 3 मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 27 सितंबर 2023, बुधवार को राजकोट में तीसरा वनडे होना है। इससे पहले खबर है कि टीम इंडिया के स्टार ओपनर शुभमन गिल और ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को तीसरे मैच से आराम दे दिया गया है। दोनों खिलाड़ी राजकोट नहीं जाएंगे। शुभमन और शार्दुल गुवाहाटी में वर्ल्ड कप के वॉर्म मैच के दौरान सीधे टीम इंडिया से जुड़ेंगे।

शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंदौर में दूसरे वनडे में शतक लगाया, जो उनका कुल छठा और इस साल का पांचवां शतक है। गिल ने इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ दो शतक बांग्लादेश, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक शतक लगाया है। इस साल उनके नाम एक टी20 शतक भी है। शुभमन गिल 2023 में वनडे में 20 पारियों में 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1230 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

## शार्दुल ठाकुर की फॉर्म खराब

शार्दुल ठाकुर की बात करें तो उनकी गेंदबाजी काफी साधारण रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों मैच में उन्होंने खूब रन लुटाए हैं। एशिया कप में भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। बल्लेबाजी में गहराई के लिए टीम इंडिया उन्हें नंबर 8 पर मौका दे रही है। इस बीच उन्हें राजकोट वनडे से आराम दिया गया है।

## रोहित शर्मा के साथ कौन करेगा ओपनिंग

राजकोट वनडे में ऋतुराज गायकवाड़ भी नहीं होंगे। वह एशियन गेम्स के लिए चुनी गई मेंस क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में उन्होंने पहले 2 वनडे में ओपनिंग की। मोहाली वनडे में उन्होंने शुभमन गिल के साथ मिलकर शानदार शुरुआत दिलाई थी और वनडे क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा था। ऋतुराज और गिल के न होने पर रोहित शर्मा के साथ तीसरे वनडे में इशान किशन ओपनिंग कर सकते हैं।

# भारत की सुनहरी सुबह, 10 तक पहुंची मेडल की संख्या



**Asian Games भारत क्रिकेट, शतरंज, बॉक्सिंग, टेनिस, स्विमिंग, रग्बी, जूडो और जिम्नास्टिक्स में चुनौती पेश करेगा।**

एशियन गेम्स 2023 के दूसरे दिन है। भारत ने दिन की शुरुआत 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने के साथ की। इसके बाद ऐश्वार्य प्रताप सिंह ने इसी इवेंट की व्यक्तिगत स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। वहीं रोइंग में भी देश ने मेंस 4 और क्वाडरपल्स में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। भारत की कुल मेडल संख्या 10 तक हो गई है। बॉक्सिंग में दीपक भोरिया, निशांत और अरुंधती चुनौती पेश करेंगे। शतरंज में भी महिला और पुरुष खिलाड़ी राउंड तीन के मैच खेलेंगे। साथ ही साथ टेनिस, स्विमिंग, रग्बी, जूडो और जिम्नास्टिक्स में भी भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इससे पहले भारत ने रविवार को पांच मेडल हासिल किए थे। इसमें से तीन मेडल रोइंग (दो सिल्वर, एक ब्रॉन्ज) में और दो मेडल शूटिंग (एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज) में मिले।







# बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्ती खींचा-तानी कर रहीं द ग्रेट इंडियन फैमिली और सुखी, दोनों फिल्मों का खस्ता हाल




**विक्की कौशल की द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली और शिल्पा शेट्टी की सुखी एक ही दिन 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। लगा था कि दोनों फिल्में आपस में भिड़ेंगी लेकिन दोनों का ही हाल एक सा हो गया है। तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर दोनों फिल्में धड़ाम ही रहीं।**

विक्की कौशल की द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली ने अपने शुरुआती हफ्ते में बिल्कुल भी अच्छा परफॉर्म नहीं किया है। Sacnilk.com की एक रिपोर्ट के अनुसार, विक्की कौशल-स्टारर ने सिनेमाघरों में तीसरे दिन लगभग 2 करोड़ की कमाई की। मानुषी छिल्लर, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा और अलका अमीन सहित कलाकारों की द ग्रेट इंडियन फैमिली 22 सितंबर को रिलीज़ हुई थी। दूसरी तरफ शिल्पा शेट्टी की फिल्म का भी यही हाल है।

## द ग्रेट इंडियन फैमिली बॉक्स ऑफिस

फिल्म ने शुक्रवार को भारत में 1.4 करोड़ की कमाई के साथ ओपनिंग की थी, और शनिवार को 1.72 करोड़ का कलेक्शन किया, जिसमें अनुमानित 22.86% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। हालांकि, Sacnilk.com के बताए गए शुरुआती अनुमान के अनुसार, रविवार को द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली बॉक्स में गिरावट देखी गई और इसने 2 करोड़ का कलेक्शन किया। पोर्टल के मुताबिक, फिल्म ने अब तक भारत में 5.12 करोड़ का नेट बिजनेस किया है।

## द ग्रेट इंडियन फ़ैमिली की कहानी



धूम 3 फेम विजय कृष्ण आचार्य की लिखित और निर्देशित फैमिली ड्रामा विक्की कौशल के कैरेक्टर भजन कुमार और उनकी पहचान के संकट के इर्द-गिर्द घूमती है, जब एक लेटर में दावा किया गया है कि वह एक मुस्लिम पैदा हुए थे।

## सुखी बॉक्स ऑफिस कलेक्शन


दूसरी तरफ शिल्पा शेट्टी की फिल्म सुखी बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन बेहद खराब परफॉर्म कर पाई। दूसरे दिन इसने 43 लाख का कलेक्शन किया था। Sacnilk.com के बताए गए शुरुआती अनुमान के अनुसार फिल्म ने रविवार को यानी तीसरे दिन 41 लाख का कलेक्शन किया है। रिलीज़ के तीन दिन बाद इसकी कुल कमाई केवल 1.14 करोड़ रुपये हो गई है। सुखी ने सिनेमाघरों में 30 लाख से ओपनिंग की थी। रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को फिल्म की ऑक्यूपेंसी 16.38 प्रतिशत रही।

## सुखी के बारे में

सोनल जोशी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में शिल्पा शेट्टी, अमित साध, दिलनाज़ ईरानी, कुशा कपिला और पवलीन गुजराल हैं। यह फिल्म समाज और महिला सशक्तिकरण पर कॉमेडी का तड़का लगाती है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विक्रम मल्होत्रा और शिखा शर्मा ने बनाया है। राधिका आनंद ने कहानी लिखी है जबकि पॉलोमी दत्ता ने स्टोरी लाइन की है। यह 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।







# ओबीसी सियासत पर भाजपा-कांग्रेस में होड़, अब जातीय गणना के मुद्दे को हवा देने की तैयारी



**ओबीसी सियासत पर भाजपा-कांग्रेस में होड़ मची है। बता दे कि प्रदेश की 70 से अधिक विधानसभा सीटों पर ओबीसी वोटर्स निर्णायक है।**

भोपाल। अन्य पिछड़ा वर्ग को लेकर देश की सियासत में भाजपा और कांग्रेस के बीच मची होड़ के रंग मध्य प्रदेश की राजनीति में भी दिखने लगे हैं। कांग्रेस ने प्रदेश में ओबीसी दांव चला और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को चुनाव अभियान समिति का सह अध्यक्ष बनाकर उनका कद बढ़ा दिया। इसके पहले विंध्य अंचल से आने वाले कमलेश्वर पटेल को राष्ट्रीय कार्यसमिति के साथ विधानसभा चुनाव से जुड़ी सभी समितियों में स्थान देकर ओबीसी वर्ग को संदेश दिया गया था।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ से तकरार के बाद हाशिये पर रहे पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव की भी मुख्यधारा में वापसी हो गई है। सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बढ़ाया जा रहा है।

उधर, भाजपा भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। शिवराज सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन भी कर चुकी है, जो आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर का अध्ययन कर रहा है। प्रदेश की राजनीति में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बड़ी भूमिका है। इस कारण है कि भाजपा हो या कांग्रेस, कोई भी इनकी उपेक्षा नहीं करता है।

### कांग्रेस-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर

कांग्रेस ने ओबीसी नेता राजमणि पटेल को राज्यसभा भेजकर संदेश देने का काम किया था और कमल नाथ सरकार ने नौकरियों में ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था। यद्यपि, यह कानूनी झमेले में फंस गया। इस बीच भाजपा सत्ता में आई और 27 प्रतिशत आरक्षण देने के आदेश भी जारी हो गए पर मामला अभी भी उलझा हुआ है। इसको लेकर कांग्रेस-भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहता है। दोनों में यह बताने की होड़ मची है कि वे ही ओबीसी हितैषी हैं।

उधर, कांग्रेस प्रदेश में सुनियोजित तरीके से ओबीसी नेतृत्व को आगे बढ़ा रही है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल इसी वर्ग से आती हैं। विंध्य और बुंदेलखंड अंचल में ओबीसी पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए कमलेश्वर पटेल और सिद्धार्थ कुशवाहा को आगे किया है।

अरुण यादव निमाड़ से लेकर बुंदेलखंड क्षेत्र में सक्रिय है और अब मालवांचल में स्थानीय समीकरण साधने के लिए जीतू पटवारी पर दांव लगाया है। दरअसल, उनके पास मालवा, निमाड़ के साथ अन्य अंचलों में भी टीम है। युवा कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने और फिर कुणाल चौधरी ने टीम तैयार की है।

### 70 से अधिक सीटों पर निर्णायक हैं ओबीसी

ओबीसी सियासत को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच होड़ इसलिए मची है कि प्रदेश के 70 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। कहीं, कुरमी पटेल तो कहीं यादव, कहीं कौरव तो कहीं लोधी व किरार समाज की प्रभावी भूमिका है।

भाजपा दावा भी करती है कि उसने ही मध्य प्रदेश में तीन-तीन ओबीसी मुख्यमंत्री (उमा भारती, बाबूलाल गौर और शिवराज सिंह चौहान) दिए हैं। कांग्रेस ने तो नगरीय निकाय के चुनाव में ओबीसी आरक्षण को उलझाने का काम किया। जबकि, कांग्रेस ओबीसी को 14 और फिर 27 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ का दावा करती है।

### जातीय गणना के मुद्दे को हवा देने की तैयारी

उधर, कांग्रेस ने महिला आरक्षण में ओबीसी को की बात उठाकर स्पष्ट कर दिया है कि वह अब मुद्दे पर पीछे नहीं हटेगा। चुनाव में जातीय गणना के मुद्दे को हवा दी जाएगी। कांग्रेस की सरकार बनने पर जातीय गणना कराने की घोषणा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सागर में कर चुके हैं। कांग्रेस ने जो 11 गारंटी लागू करने का वादा किया है, इसमें यह भी शामिल है।

### भोपाल में कांग्रेस करेगी ओबीसी सम्मेलन

कांग्रेस सतना के बाद अब ओबीसी सम्मेलन भोपाल में करेगी। पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का प्रयास होगा। सम्मेलन करने की जिम्मेदारी कमल नाथ ने अरुण यादव और कमलेश्वर पटेल को दी है। दोनों को ही तिथि और स्थान निर्धारित करना है।

## केसीसी खातों में गड़बड़ी, मृतक किसानों के नाम पर भी निकाले रुपये

**उज्जैन ।सेवा सहकारी बैंक लेकोड़ा के सचिव ने किसानों के केसीसी खातों के रुपये ले लिए और खातों में जमा नहीं किए। यही नहीं मृतक किसानों को भी नहीं छोड़ा उनके खाते से भी लाखों रुपये निकाल लिए। धोखाधड़ी का पता लगने पर किसान कई दिनों से कलेक्टर कार्यालय व जिला सहकारी बैंक के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। मामले में चिंतामन पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है।**

टीआइ बल्लूसिंह मंडलोई के अनुसार ग्राम लेकोड़ा में स्थित प्राथमिक कृषि साख संस्था मर्यादित में करीब 700 से ज्यादा किसानों के केसीसी के खाते हैं। जहां से उन्हें खाद व बीज मिलते हैं। कई किसानों ने अपने केसीसी खातों के रुपये बैंक के सचिव निशिकांत चौहान को जमा करवा दिए थे। मगर चौहान ने उसे जमा नहीं किया।

वहीं, किसान सालिग्राम सावंत की दो वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उनके खाते को भी नहीं छोड़ा , उनके अकाउंट से 2 लाख 99 हजार रुपये निकाल लिए। इसी तरह मृतक चिंतामन पटेल के खाते से भी लोन निकाल लिया गया। चौहान के लापता होने पर किसानों ने उज्जैन में भरतपुरी स्थित जिला सहकारी बैंक पहुंचकर हंगामा किया था। कलेक्टर को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था।

मामले में महाप्रबंधक विशेष श्रीवास्तव ने सचिव चौहान को निलंबित कर उसके खिलाफ केस दर्ज करवाने के आदेश जारी किए थे। जिस पर शाखा प्रबंधक राजेशसिंह कुशवाह जाल कंपाउंड मक्सी रोड की शिकायत पर पुलिस ने निशिकांत के खिलाफ धारा 420, 409 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया था।

कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेजा गया है। केस दर्ज होने के बाद कई किसान उनके साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। ऐसे में रुपयों की गड़बड़ी का आंकड़ा और बढ़ सकता है।






हमारे भाई व ऐश्वर्य ,रितिक के पिताजी रोहित के मामा जी जगदीश बागोरा के साले साहब श्री भरत दवे पिता स्व विजयशंकर जी दवे का निधन हो गया है। दिनाक 26/9/23 मंगलवार , सुबह 11 बजे रामबाग मुक्तिधाम पर मुखाग्नि दी गई।

शोकाकुल
कृष्णकांत दवे ,गोपाल श्याम ललित ललित,नरेंद्र ,अशोक सुभाष ,अनिल सुमित एव दवे परिवार (ब्राह्मण टूकड़ा) मोती तबेला इंदौर

मोबाइल नंबर
9826148819
9826046906
9826299603

# इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 26 सितम्बर से

# 100 स्मार्ट सिटी के मेयर जुटेंगे, वाराणसी के नमो घाट, हुबली के ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर की दिखेगी झलक

### 2 दिनी आयोजन 3 डी और 4 डी इमेज के जरिए देश की स्मार्ट सिटीज के प्रोजेक्ट्स दिखाए जाएंगे, उनके इनोवेशन भी प्रदर्शित होंगे

दो दिनी इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव 26 सितंबर से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगी। इसे लेकर तैयारियां जारी हैं। कॉन्क्लेव में लगने वाली प्रदर्शनी में वाराणसी के नमो घाट का नजारा तो दिखेगा ही, हुबली में 5 किमी तक नाले की जगह पर बना ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। देश की 100 स्मार्ट सिटी के सीईओ, निगमायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

कार्यक्रम में 3डी व 4डी इमेज के जरिए स्मार्ट सिटीज के प्रोजेक्ट्स दिखाए जाएंगे। स्मार्ट सिटीज उनके इनोवेशन यहां प्रदर्शित करेंगी। आयोजन में विभिन्न कॉलेजों के 800 छात्र बतौर वॉलेंटियर तैनात होंगे। एक स्मार्ट स्ट्रीट भी बनाई जा रही है। इसमें सोलर ऊर्जा, सोलर ट्री, साइकिल ट्रैक सहित अन्य चीजें बनाई जा रही हैं।

1192 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं स्मार्ट गतिशीलता में

16,905 करोड़ की अन्य 494 परियोजनाएं चल रही देशभर में स्मार्ट सिटी में

573 परियोजनाएं पूरी हो चुकी स्मार्ट ऊर्जा में देश में सभी स्मार्ट सिटी में

1162 से अधिक परियोजनाएं जल आपूर्ति, स्वच्छता और साफ सफाई की पूरी हो चुकी देश की 100 स्मार्ट सिटी में

66 विजेता हैं आईएसएसी पुरस्कारों के इस बार

### राष्ट्रपति करेंगी विजेताओं को सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 सितंबर को इंडिया स्मार्ट सिटीज पुरस्कार प्रतियोगिता आईएसएसी-2022 के चौथे संस्करण के विजेताओं को सम्मानित करेंगी। कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय श्रम व रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, संचार व रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर और मध्यप्रदेश के नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह शामिल होंगे।

### पहले दिन प्रदर्शनी, दूसरे दिन पुरस्कार वितरण

कॉन्क्लेव के पहले दिन आईएसएसी 2022 के तहत पुरस्कार विजेता परियोजनाओं का प्रदर्शन करने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। स्मार्ट शहरों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ संवाद और इंदौर व उज्जैन में स्मार्ट सिटी मिशन प्रोजेक्ट का दौरा कार्यक्रम होगा।

दूसरे दिन आईएसएसी 2022 पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। इनमें 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और 31 विशिष्ट शहरों और 7 भागीदार संगठनों को पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।



### वॉकेथान, साइक्लोथान से कार्यक्रम का प्री-प्रमोशन

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड कॉन्टेस्ट कार्यक्रम के प्री-प्रमोशन को देखते हुए रविवार सुबह 6.30 बजे जिला प्रशासन, निगम प्रशासन व स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में राजबाड़ा से वॉकेथान, गांधी हॉल से बाइक रैली व 56 दुकान से साइक्लोथान का आयोजन किया गया। कलेक्टर इलैया राजा टी. व निगमायुक्त हर्षिका सिंह मौजूद थे। कलेक्टर बोले इंदौर में पहली बार होने जा रहे नेशनल स्मार्ट सिटी अवॉर्ड का इवेंट जीरो वेस्ट इवेंट होगा। इमर्सिव जोन बनाया जा रहा है, जिसे देखकर पता लगेगा कि किस शहर ने क्या अच्छा काम किया है।



## स्थापित करना होगा आत्मसम्मान

हमें अपना आत्मसम्मान स्थापित करना होगा और हमें अपना सम्मान करना होगा और हमें दूसरों का सम्मान करना होगा।. क्योंकि आप सभी संत हैं और संतों को लोगों का सम्मान करना है ... मैं हर समय बात कर रहा हूं ।. इसलिए आपको संतों का सम्मान करना होगा कि आप एक संत हैं और दूसरा संत है।. मैं हमेशा नामदेव का उदाहरण देता हूं।. नामदेव एक दर्जी, महान कवि और एक महान संत थे।. और वह एक और देखने गया, जिसका नाम गोरा कुम्हार था।. और जब वह खुम्बर बर्तन उसे देखने गया, तो गोरा खुम्बर बर्तन बनाने के लिए मिट्टी बुनाई में व्यस्त था, देखिए, अपने पैरों से वह मिट्टी बुन रहा था।. उसने उसकी तरफ देखा।. जब उसने उसकी तरफ देखा, तो वह बिना सोचे-समझे खड़ा हो गया।. और फिर वह जो शब्द इतना सुंदर कहता है, उसने कहाः मैं निरकारा, निर्वाण, विचार ... निराकार, कंपन का अर्थ देखने आया हूं।. मैं कंपन देखने आया था, लेकिन यहाँ यह रूप में है, खड़ा है ह्व।.

क्या प्रशंसा, क्या आराधना, एक संत से दूसरे में जिसने कभी दूसरे व्यक्ति को नहीं देखा।. लेकिन मैं इस पूरे निरकारा को देखता हूं, निर्वाण तुम्हारे रूप में है।.ह्वबस इसके बारे में सोचो।. और यही हमें होना है।. लेकिन अगर हम दूसरे सहजा योगियों पर भरोसा नहीं कर सकते, तो हम एक-दूसरे से प्यार नहीं कर सकते, हम एक-दूसरे को समझ नहीं सकते कि इसका मतलब है कि हम कुछ कम हैं, दूसरों की तुलना में कम हैं।. कुछ लोगों को हर समय आलोचना करने की आदत होती हैः रयह सब ठीक नहीं हैर।. वे यह नहीं देखते हैं कि उनके भीतर कुछ गलत है जो वे दूसरों की आलोचना कर रहे हैं।.

इसलिए सहजा योग में आलोचना करने का कोई मौका नहीं है, पहली बात यह है कि आपको खुद देखना चाहिए कि आप क्या हैं और आप कहां खड़े हैं और आप सबसे पहले खुद की मदद कैसे करने जा रहे हैं।. तब आप दूसरों की मदद कर सकते हैं।. लेकिन दूसरों पर आलोचनात्मक नजर डालने की कोई जरूरत नहीं है।. क्योंकि तब आप कुछ भी नहीं के लिए अच्छे हो जाते हैं, आपने सभी बुरे काम किए हैं, आप अन्य लोगों में सभी बुरी चीजें देखते हैं और जो आप विकसित करते हैं वह एक गैर-सामूहिक व्यक्तित्व है, जो हमारे लिए ऐसा सिरदर्द है और अंततः आपको करना होगा सहजा योग से बाहर जाओ।.

श्री माताजी निर्मला देवी।
12 मार्च, 1990।

## जल्द मिलेगी 200 सिटी बसें, ऑपरेशन मॉडल बदलने के लिए सरकार को भेजा गया प्रस्ताव

**इंदौर 7 शहर में लोक परिवहन की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। लोग बेहतर, त्वरित और लास्ट माइल कनेक्टिविटी मिले तो ऑफिस-बाजार जाने के लिए लोक परिवहन का ही उपयोग करें। एआईसीटीएसएल इसे बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए 200 नई बसें लाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए ऑपरेशन मॉडल में बदलाव की अनुमति के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलते ही टेंडर किए जाएंगे।**

एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में सिटी बसों का संचालन ग्रास कॉस्ट और नेट कास्ट मॉडल पर किया जा रहा है। ?कुछ बसें नेट पर तो कुछ ग्रास पर चल रही है। इसमें नेट कास्ट में वेंडर से कंपनी को एक तय राशि मिलती है। जबकि ग्रास कास्ट में वायबिलिटी फंडिंग गेप के लिए कुछ राशि निगम को देना होती है। दो साल पहले 400 बसें लाने का प्रस्ताव तैयार किया था। यह प्रस्ताव ग्रास कास्ट के तौर पर बनाया था। इसके तहत कुछ बसें ली गई है। एआईसीटीएसएल अब नेट कास्ट मॉडल पर बसे संचालित करना चाहता है।

इस मॉडल पर 200 बसों का संचालन करने के लिए सरकार से अनुमति मांगी है। एआईसीटीएसएल के सीईओ मनोज पाठक का कहना है, इसमें सभी जिम्मेदारी ऑपरेटर की रहेगी। अनुमति मिलते ही टेंडर जारी ?किए जाएंगे। बता दें, एआईसीटीएसएल की बसों में तीन माह में औसत 1.95 लाख से 2.31 लाख यात्री प्रतिदिन हो गया है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

## इंदौर में भारत की जीत का जश्न...

# ऑस्ट्रेलिया पर जीतते ही लहराया तिरंगा, 56 दुकान सहित कई जगह आतिशबाजी

**इंदौर में भारत की जीत के बाद शहर के हर रास्ते पर हाथों में तिरंगा लेकर क्रिकेट प्रेमी निकल पड़े। देर रात तक इंदौरियों ने जश्न मनाया। इंदौर के होलकर स्टेडियम मे हो रहे वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया 99 रन से हराया। भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए इंदौरी 56 दुकान पर इकट्ठा हुए। यहां सभी ने भारत माता की जय के नारे लगाए।**



इंदौर में भारत की जीत के बाद शहर के हर रास्ते पर हाथों में तिरंगा लेकर क्रिकेट प्रेमी निकल पड़े। देर रात तक इंदौरियों ने जश्न मनाया। इंदौर के होलकर स्टेडियम मे हो रहे वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया 99 रन से हराया। भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए इंदौरी 56 दुकान पर इकट्ठा हुए। यहां सभी ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को चार सौ रन का टारगेट दिया और शानदार गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया। इतना ही नहीं, टीम ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में अपना अजेय रिकॉर्ड कायम रखा है।

### बारिश के कारण दो बार रुका खेल

सीरीज का दूसरा मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा। इस मुकाबले की दोनों पारियों के बीच में बारिश हुई। पहली बार बारिश भारतीय पारी के दौरान आई। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पारी के समय भी बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। ऐसे में अंपायर्स ने ऑस्ट्रेलिया को संशोधित लक्ष्य दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा)